प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक 21 जनवरी, 2025 को मर्चेंट्स चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश की ट्रेड समिति के एडवाइजर श्री विजय पांडे एवं सचिव श्री महेंद्र मोदी ने कानपुर मंडलायुक्त के साथ बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य कानपुर शहर और आसपास के क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए सुझाव प्रस्तुत करना था।

इस बैठक में कानपुर देहात का नाम बदलकर "ग्रेटर कानपुर" करने के प्रस्ताव पर अनुवर्ती कार्यवाई करने का अनुरोध किया गया, जिसे मंडलायुक्त ने सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए इस दिशा में पुनः शासन से पत्राचार करने का आश्वासन दिया।

बैठक में चैम्बर द्वारा निम्नलिखित सुझाव प्रस्तुत किए गए:

- नगर में 5 लाख गाड़ियों (चार व दो पहिया वाहन) की पार्किंग की आवश्यकता है।
- एलीवेटेड ट्रेन ट्रैक।
- गंगा रिवर फ्रंट।
- बाजारों में पुरुष व महिला शौचालय (मेन्टीनेंस कांन्ट्रेक्ट पर) ।
- मुख्य मार्गों व चौराहों पर अंडर पास, फूलबाग व परेड पार्किंग में अंडर पास।
- शुक्लागंज, कानपुर को जोड़ने वाले (पुराने शुक्लागंज पुल से परमट तक) नगर में दो नये पुलों का निर्माण।
- के.डी.ए. मास्टर प्लान (नोएडा/लखनऊ) की तरह बने।
- फुटपाथ पर केस्को के ट्रांसफार्मर व फुटपाथ के बाहर लगे बिजली के पोल स्थानांतरित हों।